Need to provide stoppage of Train No. 13151/52 at Paraiya Railway Station and extend the Train No. 12836 up to Gaya in Bihar-laid

श्री अभय कुमार सिन्हा **(औरंगाबाद) :** गाड़ी संख्या 13151/52 सियालदाह जम्मूतवी एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 13009/10 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस दोनो ही महत्वपूर्ण स्थानो को जोड़ती है, इस मार्ग पर परैया नामक स्टेशन है, जिस पर ठहराव के लिए स्थानीय नागरिको, सामाजिक संस्थाओं द्वारा वर्षों से मांग की जा रही है । यहाँ के यात्रियों को जम्मू, कोलकाता तथा हरिद्वार जाने के लिए गाड़ी दूर से पकड़नी पड़ती है, जिससे उनको काफी परेशानी हो रही है ।

इसी तरह गाड़ी संख्या 12835 हटिया से चलकर बैगलुरु जाती है, और गाड़ी संख्या 12836 जो बैंगलुरु से चलकर हटिया आती है । इस गाड़ी का हटिया से आगे गया तक विस्तार किया जाना चाहिए, क्योंकि गया तथा तिरुपति बालाजी दोनो ही बहुत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जिनका आपस में जुड़ना बहुत ही ज़रूरी है जो आसानी से आपस में जुड़ सकेंगा और दूसरा कारण यह है कि गया व उसके आसपास के हजारो की संख्या में श्रमिक व कर्मचारी बैंगलुरु तथा उसके आसपास के क्षेत्रो में रोजगार कर रहे है ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त तीनो मांगो को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाने की कृपा करें ।